अग्रवाल महाविद्यालय में पाँच दिवसीय एफ.डी.पी. का शुभारंभ

आज दिनांक 27–05–2019 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ संभाग–I के सभागार में पाँच दिवसीय शिक्षक विकास कार्यक्रम (FDP) का शुभारम्भ किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता की सत् प्रेरणा एवं कुशल नेतृत्व में महाविद्यालय के प्राध्यापकों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास हेतु समय–समय पर ऐसे अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी श्रृंखला में इस शिक्षक विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आई.एल.एफ.एस. स्किल्स संस्था एवं अग्रवाल महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के संयुक्त तत्वावधान में इस शिक्षक विकास कार्यक्रम का आयोजन अध्यापन कौशल विकास हेतु किया गया, जिसमें प्रशिक्षक के रूप में श्रीमती अदिती दधीच एवं श्रीमती आशिमा कोचर पधारी।

प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस तरह की एफ.डी.पी. से प्राध्यापक अपनी शिक्षण विधियों में विकास कर अध्यापन क्रिया को और अधिक रूचिकर बना सकते हैं। उन्होंने इस एफ.डी.पी. की सफलता हेतु शुभकामनाएँ दी और कहा कि पाँच दिन बाद सभी अध्यापक अपने अध्यापन एवं बौद्धिक स्तर पर एक सकारात्मक परिवर्तन महसूस करेंगे। प्रशिक्षक श्रीमती अदिति दधीच ने बताया कि शिक्षण प्रक्रिया में शिक्षक को अध्यापन के साथ–साथ अनेक कार्य एक साथ करने पड़ते हैं जो उसके शिक्षण कौशल को दर्शाता है। उन्होंने कहा सीखना और सीखाना एक निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है जो अध्यापक के सर्वांगीण विकास हेतु आवश्यक है। वहीं श्रीमती आशिमा कोचर ने विभिन्न विधियों एवं पद्धतियों से सूक्ष्म शिक्षण कौशल एवं अधिगम विकास के आधारभूत सिद्धान्तों से अध्यापकों को परिचित कराया। इस कार्यशाला में अग्रवाल महाविद्यालय के अनेकानेक प्रवक्ताओं ने भाग लेकर लाभ उठाया तथा विभिन्न प्रकार के प्रश्न प्रशिक्षकों से किए। उन्होंने अपनी अद्वितीय भाषण शैली से सभी प्राध्यापकों व श्रोताओं को प्रभावित एवं प्रेरित किया।